तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 6 मई 2026

11 रोजगार मेले में 300 प्रशिक्षुओं को मिला अवसर...



12 भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मना जश्न ...





## खबर संक्षेप

### चिखली फड़ में तेंदूपत्ता खरीदी की गई शुरू



**दुर्गूकोंदल।** दुर्गूकोदल क्षेत्र के अंतर्गत चिखली फड़ में वन विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही तेंदूपत्ता खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। अधिकारियों ने संग्राहकों को गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता तोड़ने, सही तरीके से संग्रहण करने और निर्धारित मानकों का पालन करने के लिए भी जागरूक किया। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर सतीश ठाकुर, वन रक्षक रमेश कुमार नेताम, वनपाल शिबू राम देहारी, फंड़ अध्यक्ष शिवराम हुपेडी, मुंशी राजेश मंडावी तथा राजेश गोटा सहित संग्राहक भी उपस्थित रहे।

### खुले में शराब पीते दो लोगों को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भट्टी रोड मार्ग में सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहें दो व्यक्ति को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 मई को आरोपी विजय रजक और योगेश भुआर्य सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सीएचसी भानुप्रतापपुर में इलाज के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल मंगल यादव का 4 मई को मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। चोट गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सभी ठेकेदार ई- श्रम साथी मोबाइल प्लीकेशन से कराएं पंजीयन

**कांकेर।** श्रमपदाधिकारी कांकेर द्वारा जिले के समस्त नियोक्ता, ठेकेदारों को डिजिटल लेबर चौक ई-श्रम साथी मोबाइल एप्लीकेशन को डाउनलोड कर पंजीयन कराना सुनिश्चित करने की अपील की गई है ताकि नियोक्ता को सरलता से श्रमिक एवं श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हो सके। गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 28 अप्रैल को डिजिटल लेबर चौक ई-श्रम साथी मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया गया। यह एप्लीकेशन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल रायपुर द्वारा विकसित एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और नियोक्ताओं, ठेकेदारों को डिजिटल माध्यम से जोड़ते हुए रोजगार उपलब्धता की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाना है।

### मावली हिल्स वॉटर एडवेंचर का आज होगा शुभारंभ

**भानुप्रतापपुर।** अंचल के पीच्चेकट्टा जलाशय में मावली हिल्स वॉटर एडवेंचर का शुभारंभ 6 मई को किया जाएगा। इस परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और मनोरंजन के नए अवसर खुलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन मावली हिल्स वॉटर एडवेंचर स्थल ग्राम पिचेकसा ग्राम पंचायत मुल्ला में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत मुल्ला के सरपंच तुमन मंडावी करेंगे। विशेष अतिथियों में विधायक सावित्री मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिलसिंह राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# अलबेलापारा तालाब का होगा कायाकल्प, गहरीकरण के साथ करेंगे सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलबेलापारा तालाब के कायाकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए क्षेत्र में विकास और सौंदर्यीकरण की नई उम्मीद जगी है। वर्षों से उपेक्षित पड़े इस तालाब को अब गहराईकरण और आकर्षक सौंदर्यीकरण के माध्यम से नया जीवन देने की पहल शुरू हो गई है। इस कार्य का विधिवत शुभारंभ 05 मई को विधायक आशाराम नेताम द्वारा भूमिपूजन कर किया गया।

अलबेलापारा तालाब के गहराईकरण के साथ-साथ इसके चारों ओर सौंदर्यीकरण कार्य भी किया जाएगा, जिससे यह न केवल जल संरक्षण का मजबूत स्त्रोत बनेगा, बल्कि लोगों के लिए एक आकर्षक स्थल के रूप में भी विकसित होगा। परियोजना के तहत साफ-सफाई, घाट निर्माण, पाथवे, लाइटिंग और हरियाली बढ़ाने जैसे कार्य प्रस्तावित हैं। अलबेलापारा तालाब लंबे समय से गाद भरने और रखरखाव के अभाव में अपनी उपयोगिता खोता जा रहा था। बरसात के दिनों में जल भराव तो होता था, लेकिन पर्याप्त गहराई नहीं होने के कारण पानी जल्दी सूख जाता था। ऐसे में इस गहराईकरण कार्य से क्षेत्र में जल स्तर सुधारने में भी मदद मिलेगी, जिससे आसपास के किसानों और नागरिकों को लाभ मिलेगा। अलबेलापारा तालाब के इस कायाकल्प से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में यह स्थान न केवल जल संरक्षण का उदाहरण बनेगा, बल्कि सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों का भी केंद्र बनेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, नगरपालिका सीएमओ पवन मेरिया, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद उगेश्वरी उइके, पार्षद हितेंद्र खटवानी, पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, पार्षद सलीम मेमन के अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक आशाराम नेताम ने किया भूमिपूजन



### जल संरक्षण के साथ सौंदर्यीकरण होगा

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि अलबेलापारा तालाब का विकास हमारे क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक था। गहराईकरण और सौंदर्यीकरण के बाद यह तालाब न केवल जल संरक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि लोगों के लिए एक सुंदर और उपयोगी स्थल के रूप में उभरेगा। हमारी प्राथमिकता है कि क्षेत्र के हर जलस्रोत को संरक्षित और विकसित किया जाए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिल सके।

## समस्या: चैंबर को जानकारी देकर बैंक जिम्मेदारी से बचने का करते हैं प्रयास

# चिल्हर संकट पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा एसबीआई प्रबंधन पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के छोटे व्यापारियों की रोजमर्रा की सबसे बड़ी परेशानी चिल्लर की किल्लत, एक बार फिर बैंक प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। इस बार मामला तब गरमाया जब व्यापारी संगठन से जुड़े प्रतिनिधि खुद सामने आए और सीधे बैंक पहुंचकर अपनी नाराजगी जाहिर की। मामला भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा का है, जहां पहले भी चिल्लर वितरण को लेकर शिकायतें उठती रही हैं, लेकिन इस बार मुद्दा खुलकर सामने आया।

कांकेर के व्यापारियों ने बताया कि अन्य व्यापारियों से पता चला कि मंगलवार 5 मई को बैंक के द्वारा चिल्लर का वितरण किया जाएगा। शहर के कई व्यापारियों का कहना था कि महज एक घंटे के भीतर ही काउंटर बंद कर दिया गया, जिससे कई व्यापारी बिना चिल्लर लिए ही लौटने को मजबूर हो गए। बैंक प्रबंधन चिल्लर देने की जानकारी को मीडिया के लिए प्रेस विज्ञप्ति भी जारी नहीं करता है और चैंबर के भरोसे रहते है, जिससे कई व्यवसायियों की इसकी जानकारी नहीं मिल पाती। बैंक की इस तानाशाही को लेकर व्यापारियों ने इसकी जानकारी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सहसंयोजक (व्यवसाय प्रकोष्ठ) दीपक खटवानी को दिया।

भाजपा के व्यवसाय प्रकोष्ठ के सहसंयोजक चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री दिनेश रजक के साथ सीधे स्टेट बैंक की मुख्य शाखा पहुंचे, तब बैंक मैनेजर शाखा में उपलब्ध नहीं थे और उनको जब कॉल किया गया तो वो कॉल भी रिसीव नहीं कर रहे थे। बैंक के अन्य स्टाप ने प्रतिनिधियों के नाराज होने की जानकारी दिया, उसके उपरांत बैंक मैनेजर पहुँचे। चर्चा के दौरान बैंक प्रबंधन ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि चिल्लर वितरण की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया जाएगा और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।



### बैंक अधिकारियों ने काल नहीं किया रिसीव

एसबीआई के मुख्य ब्रांच मैनेजर ऋषि कटियार से इस मामले में जानकारी लेने के लिए हरिभूमि ने उनके मोबाईल नंबर पर दो बार काल किया, परंतु काल रिसीव नहीं हुआ। इसके अलावा बैंक का लैंडलाईन नंबर जो एसबीआई की वेबसाईट में 07868223799 पर संपर्क करने का प्रयाय किया, यह नंबर अमान्य बता रहा था। उसके उपरांत बात हुई, उन्होने बताया कि लगभग 100 व्यापारियों को 10 लाख का चिल्लर दिया गया है। आने वाले समय में व्यवस्था को ठीक किया जाएगा।

### खुलकर सामने आए व्यापारी

शहर में फुटकर व्यापारियों को लंबे समय से चिल्लर (छोटे नोट और सिक्के) की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या नई नहीं है, बल्कि पहले भी कई बार व्यापारी वर्ग द्वारा बैंक प्रबंधन पर आरोप लगाए गए हैं कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में चिल्लर उपलब्ध नहीं कराई जाती। हालांकि, पहले इन शिकायतों को खुलकर सामने लाने में व्यापारी हिचकिचाते थे, लेकिन इस बार स्थिति अलग नजर आई।

### बैंक की कार्यशैली को लेकर होगा आंदोलन

भाजपा के व्यवसाय प्रकोष्ठ के सहसंयोजक ने बैंक प्रबंधन को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई गई, तो व्यापारी वर्ग के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों के लिए चिल्लर कोई सुविधा नहीं, बल्कि उनकी रोजमर्रा की जरूरत है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चैंबर के महामंत्री ने भी कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और यदि समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो उच्च स्तर पर इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

# संकल्प समाधान शिविर बासनवाही में किसानों की अनदेखी पर फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



किसानों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित संकल्प समाधान शिविर बासनवाही ग्राम पंचायत में उम्मीदों पर खरा उतरने के बजाय महज औपचारिकता बनकर रह गया। सूचना के अभाव और अव्यवस्था के चलते यह शिविर किसानों के लिए राहत का मंच नहीं, बल्कि नाराजगी का कारण बन गया।

बासनवाही ग्राम पंचायत में आयोजित संकल्प समाधान शिविर का आयोजन जिस उद्देश्य से किया गया था, वह पूरी तरह विफल नजर आया। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि शिविर के बारे में न तो मुनादी कराई गई और न ही पंचायत स्तर पर कोई प्रभावी सूचना दी गई। केवल एक पोस्टर लगाकर कार्यक्रम की औपचारिकता पूरी कर ली गई, जिससे अधिकांश किसान इस महत्वपूर्ण शिविर से अनजान रह गए। स्थानीय लोगों के अनुसार अधिकारी निर्धारित समय पर पहुंचे जरूर, लेकिन उन्होंने कुछ चुनिंदा लोगों को बैठाकर औपचारिक फोटो खिंचवाई और जल्द ही कार्यक्रम समाप्त कर दिया। किसानों की समस्याएं सुनने या उनके समाधान के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। क्षेत्र के युवा कृषक एवं समाजसेवी संदीप द्विवेदी ने इस व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह शिविर किसानों के हित में नहीं, बल्कि विभागीय खानापूर्ति का माध्यम बनकर रह गया है। किसान महेश दास मानिकपुरी ने बताया कि क्षेत्र के कई पात्र किसान आज भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं पा सके हैं, लेकिन उनकी समस्याओं को सुनने तक की कोशिश नहीं की गई। कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब तक उन्हें शिविर की जानकारी मिली और वे पंचायत भवन पहुंचे, तब तक अधिकारी भोजन व्यवस्था में व्यस्त हो चुके थे। ऐसे में कई जरूरतमंद किसान बिना अपनी समस्या बताए ही वापस लौट गए।

ग्रामीणों की मुख्य शिकायतों में सूचना का अभाव, समस्याओं का समाधान न होना और सरकारी राशि के दुरुपयोग के आरोप शामिल हैं। इस पूरे मामले को लेकर गांव में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो सके।

# घर के सामने खड़ी बाइक ले गए चोर

**कांकेर।** अंतागढ़ थाना क्षेत्र के मद्रासीपारा में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी की घटना ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घर के सामने खड़ी बाइक का यूं गायब हो जाना न सिर्फ पीड़ित के लिए सदमे की बात है, बल्कि आसपास के ग्रामीणों में भी डर और नाराजगी का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 14 मद्रासीपारा निवासी 62 वर्षीय किसान रूपधर पटेल पिता स्व. बिसनाथ पटेल ने थाना अंतागढ़ में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 3 मई को दोपहर करीब 1 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएल 1967 को अपने घर के सामने खड़ा किया था। इसके बाद वे घर के अंदर चले गए। शाम लगभग 5 बजे जब वे किसी काम से बाहर निकले, तो बाइक अपनी जगह पर नहीं थी। अचानक वाहन के गायब होने से घबराए किसान ने पहले खुद ही आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की। उन्होंने अपने परिचितों और आस-पास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन बाइक का कहीं कोई सुराग नहीं मिला। अंततः थक-हारकर उन्होंने वाहन चोरी की आशंका जताते हुए अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। ग्रामीणों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक को दर्शाता है। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।



**पुलिस ने की चोर की तलाश शुरू :** शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है।

# संवेदनशील रहे गांव में कलेक्टर और सीईओ ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ आमाकड़ा, गोटूलमुण्डा, कराठी व बांसला पहुंचे

दुर्गुकोंदल विकासखण्ड ग्राम आमाकड़ा एवं गोटूलमुण्डा और भानुप्रतापपुर विकासखण्ड ग्राम कराठी व बांसला में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसार एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी मंगलवार को पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया।

ग्रामीणों से बातचीत करते हुए शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन इत्यादि के संबंध में पूछताछ किया। ग्राम आमाकड़ा में ग्रामीणों द्वारा आंगनबाड़ी सामुदायिक भवन से संचालित होने तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र में बाउण्ड्रीवाल की समस्या बताई गई, जिसका निराकरण करने की बात कही गई। शिविर में आमाकड़ा के किसान राजबाई, प्रेमबती, भुनेश्वर एवं मुकेश को निःशुल्क खसरा एवं बी-1 की प्रति प्रदान की गई। किसान सोमारूराम द्वारा मनरेगा से बनाए गए निजी डबरी का निरीक्षण भी किया गया। ग्राम गोटूलमुण्डा में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कलेक्टर, सीईओ द्वारा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं ▶▶शेष पेज 10 पर



## राज्यपाल रमन डेका का काफिला भी रुका, 40 मिनट बाद हुआ मार्ग क्लियर

# चारामा में आंधी-बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पेड़ गिरने से घंटों जाम, यातायात ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा क्षेत्र में हुई तेज बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। मंगलवार 5 मई को दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान चारामा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 पर रतेसरा के पास एक बड़ा पेड़ टूटकर गिर गया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। पेड़ गिरने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब एक घंटे तक एनएच पर जाम की स्थिति बनी रही।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज आंधी के चलते सड़क किनारे खड़ा पेड़ अचानक जड़ से उखड़कर सड़क पर आ गिरा। उस समय मार्ग से कई छोटे-बड़े वाहन गुजर रहे थे, लेकिन सौभाग्य से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। राष्ट्रीय राजमार्ग के जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को हटाने के लिए यातायात विभाग ने व्यवस्था बनाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। जेसीबी मंगवाकर सड़क पर गिरे पेड़ को हटाया गया और उसके बाद जाम वाहनों को वन बाई वन रवाना किया गया। इस दौरान जाम में फंसे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी और उमस के बीच लोग अपने वाहनों में इंतजार करने को मजबूर रहे।

**भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके :** स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई पुराने और कमजोर पेड़ सड़क किनारे खड़े हैं, जो तेज हवा या बारिश के दौरान कभी भी गिर सकते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग ऐसे पेड़ों की पहचान कर उन्हें समय रहते हटाने या सुरक्षित करने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।



### रास्ता साफ होने पर रवना हुआ काफिला

बस्तर प्रवास से लौट रहे प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका का काफिला उस समय कुछ देर के लिए रुक गया, जब मार्ग में पेड़ गिरने से अचानक सड़क जाम की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार राज्यपाल सड़क मार्ग से बस्तर की ओर से रायपुर की ओर जा रहे थे, तभी चारामा में यातायात बाधित होने के कारण उच्च अधिकारियों ने राज्यपाल को अवगत कराया और उसके उपरांत उनका काफिला आफीसर्स मैस में रूक गया। मार्ग क्लियर होने में 40 मिनट लग गए, उसके बाद राज्यपाल का काफिला रायपुर के लिए रवाना हो सका।

# सरोना थाना परिसर में प्याऊ घर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

थाना सरोना परिसर जनहित से जुड़ी एक सराहनीय पहल का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए यहां मानवों के साथ-साथ पशुओं के लिए भी सरपंच दीपिका वट्टी, एसडीओपी मोहसिन खान की उपस्थिति में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर थाना तहसीलदार एमके साहू, नायब तहसीलदार संजय राय के अलाा प्रभारी निरीक्षक मलिक राम केवट, उप निरीक्षक केजुराम रावत एवं स्टाप उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि यह पहल पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से संभव हो पाई है।

# राज्यपाल रमेन डेका ने जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन पर विशेष जोर दिया।

राज्यपाल ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा जल संचयन कार्योंर् को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा पूर्व और वर्षा पश्चात जल स्तर का आंकलन करने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। राज्यपाल ने कहा कि माओवाद के खात्मे के बाद क्षेत्र में नई परिस्थितियां बनी हैं। अब सभी अधिकारी शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए बेहतर कार्य करें। उन्होंने महिलाओं के कौशल विकास, स्व–सहायता समूहों के उत्पादों के मूल्य संवर्धन और मार्केटिंग चौन विकसित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने जैविक खेती को बढ़ावा देने और उत्पादों की सप्लाई चौन तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी से जोड़ने और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने 8 मई को विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर महिलाओं की जांच, विशेषकर स्तन कैंसर स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक में टीबी उन्मूलन, नशा प्रवृत्ति पर रोकथाम, पेंशन प्रकरणों के समय पर निराकरण और रेडक्रॉस सदस्यता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन और नवाचारों की जानकारी पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्यपाल ने कोंडागांव में ली समीक्षा बैठक

### जिला कार्यालय परिसर में राज्यपाल ने लगाया पौधा



राज्यपाल रमेन डेका ने अपने कोंडागांव जिला के प्रवास के दौरान मंगलवार को जिला कार्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आम के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव उपस्थित रहे।




### टीबी मरीजों को फूड बास्केट किया वितरित

राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को जिला कार्यालय कोंडागांव में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 5 मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत चिखलपुट्टी, किवईबालेंगा और मालाकोट को टीबी मुक्त घोषित किए जाने पर संबंधित सरपंचों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। रेडक्रॉस सोसायटी के 4 नए सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश के लिए 12 तक लेंगे आवेदन

**कांकेर।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो धरमपुरा जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लेकर एसएससी, रेलवे, व्यापम, बैंकिंग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हो तथा जिनके माता, पिता एवं पालक की वार्षिक आय 03 लाख रुपए या उससे कम होना चाहिए। अभ्यर्थी की आयु 01 जनवरी 2026 को न्यूनतम 20 वर्ष एवं अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिए। ऐसे उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में राजीव युवा उत्थान योजना के अंतर्गत अंतर्गत वर्ष 2026-27 सत्र के लिए पूर्व प्रशिक्षण केंद्र जगदलपुर में प्रवेश के लिए 12 मई तक आवेदन तक आवेदन कर सकते हैं।

### ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव, आवास दिवस मनाया जाएगा 7 को

**कोण्डागांव।** प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 7 मई को चावल महोत्सव के साथ "रोजगार दिवस" एवं आवास दिवस आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन सुशासन तिहार के अंतर्गत होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी लंबित समस्याओं का त्वरित और शत–प्रतिशत समाधान करना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत, विकासखंड और जिला स्तर पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां आवास एवं रोजगार योजनाओं की समीक्षा कर हितग्राहियों को लाभ दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित स्वीकृत आवासों का निर्माण अधिकतम 90 दिनों में पूरा कराने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। हितग्राहियों को स्वीकृत राशि की जानकारी भी दी जाएगी। स्व–सहायता समूह की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति और अन्य आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मनरेगा के तहत चल रहे कार्यो को मई माह के भीतर पूर्ण करने तथा मांग अनुसार नए कार्य शुरू करने पर चर्चा की जाएगी। मोर गांव – मोर पानी – मोर तरिया अभियान के तहत नवा तरिया आय के जरिया" योजना में नए तालाब निर्माण की कार्ययोजना तैयार होगी। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य कार्योंर् की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। अमृत सरोवर सहित प्रमुख स्थलों पर भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## विकास : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–4 के तहत बनाईं जाएंगी

# 38 करोड़ से बनने सड़कों का वनमंत्री ने किया भूमिपूजन, कहा- विकास को मिलेगी रफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–4 के तहत 38 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न ग्रामीण सड़कों का भूमिपूजन वन मंत्री केदार कश्यप ने किया। इन सड़कों के निर्माण से कई ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य मार्गों से जुड़ाव होगा, जिससे आवागमन आसान होगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। योजना के तहत खड़पड़ी, मटवाल, कुधूर, खोड़सानार, लखापुरी, नहकानार, छोटेउसरी, रेंगागोदी और टेमरुगांव सहित कई गांवों में नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा। नई सड़कों से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंच आसान होगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को मजबूती मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

■ महिलाओं को योजनाओं से मिल रहा लाभ

### बस्तर अब विकास की राह पर

*वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर अब माओवाद से मुक्त होकर विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्री ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए जरूरतमंदों को पक्के मकान भी दिए जा रहे हैं। ग्राम मटवाल में मंत्री ने लखपति दीदी श्रीमती वैदयी से मुलाकात कर उनके स्वरोजगार कार्योंर् की सराहना की और महिलाओं को पशुपालन व अन्य रोजगार अपनाने प्रेरित किया।*

# पेयजल संकट से 250 परिवार परेशान, शिकायत के बाद भी समाधान नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाउसिंग बोर्ड की ओर से करोड़ों रुपए की लागत से पंडरीपानी में कालोनी का निर्माण किया गया, लेकिन मुलभूत सुविधा से कालोनीवासी परेशान है। इस ओर बोर्ड के अधिकारियों का ध्यान नहीं है। हाउसिंग बोर्ड पंडरीपानी क्षेत्र में इन दिनों पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। यहां लगभग 250 मकानों में कर्मचारी परिवार निवासरत हैं, जो रोजाना पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। स्थानीय रहवासियों के अनुसार पानी की समस्या आए दिन बनी रहती है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और कर्मचारियों को कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। आरोप है कि शिकायत करने पर या तो फोन कॉल रिसीव नहीं किया जाता, या फिर तकनीकी खराबी का हवाला देकर मामले को टाल दिया जाता है। बावजूद इसके, समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

■ हाउसिंग बोर्ड की ओर से करोड़ों की लागत से पंडरीपानी में पेयजल संकट

### पंडरीपानी कालोनी में होगा गारंटी बोर

हाउसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिया गया है कि पंडरीपानी कालोनी में गारंटी बोर किया जाए, जिससे कालोनीवासियों को पेयजल संकट से छुटकारा मिल सके।

# मजदूरों को मिलेगा ठिकाना, कोंडागांव में 20 लाख की लागत से बनेगा संघ भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के श्रमिकों के लिए बड़ी सौगात के रूप में जिला मुख्यालय के भगत सिंह वार्ड में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मजदूर संघ भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास विधायक लता उसेंडी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मजदूर, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

■ विधायक लता ने किया भूमिपूजन
■ मजदूर समाज की रीढ़ : उसेंडी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने कहा कि मजदूर समाज की रीढ़ होते हैं और उनके हितों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह भवन मजदूरों के लिए बैठक स्थल के साथ–साथ उनके संगठन को मजबूत करने का केंद्र बनेगा। विधायक ने बताया कि इस भवन के निर्माण से श्रमिकों को अपनी समस्याओं, अधिकारों और योजनाओं पर चर्चा करने के लिए एक स्थायी मंच मिलेगा। इससे उनके संगठनात्मक कार्योंर् को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस पहल पर उपस्थित मजदूरों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से ऐसे भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है।

**नगर पालिका अध्यक्ष ने की अतिरिक्त घोषणा:** कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने मजदूर संघ भवन परिसर में बोर खनन कराने की घोषणा भी की, जिससे भवन में पानी की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। भूमि पूजन के अवसर पर मजदूर संघ द्वारा विधायक लता उसेंडी के जन्मदिन के मौके पर केक काटकर शुभकामनाएं भी दी गईं, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस अवसर पर मनोज जैन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, दयाराम पटेल, अश्वनी पांडे, ननकी वैष्णव, पार्षद सोनामणि पोयाम, बंटी नाग, नागेश देवांगन, ललित देवांगन, रसिकलाल संभागीय अध्यक्ष, राज मिस्त्री मजदूर संघ, बाल—ष्ण सेठिया जिलाध्यक्ष, मजदूर संघ कोंडागांव सहित बड़ी संख्या में मजदूर और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह भवन आने वाले समय में कोंडागांव के मजदूरों के लिए एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित होगा, जहां से उनके हितों से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी।

# न्यायालय में 21 से 23 अगस्त तक लगेगी विशेष लोक अदालत

**कोण्डागांव।** उच्चतम न्यायालय में 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को स्पेशल लोक अदालत समाधान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य लंबित प्रकरणों का त्वरित, सुलभ एवं आपसी सहमति से निराकरण करना है। विशेष लोक अदालत में बैंक संबंधित मामले, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, रेरा प्रकरण, सिविल एवं दाण्डिक सुलह योग्य मामले, पारिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा, श्रम एवं औद्योगिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी मामले तथा स्थानांतरण याचिकाओं का निराकरण किया जाएगा। जिन पक्षकारों के मामले उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं, वे आपसी समझौते के आधार पर स्पेशल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निपटारा करा सकते हैं।

**गूगल फॉर्म से कर सकेंगे आवेदन :** विशेष लोक अदालत में मामला रखने के लिए इच्छुक पक्षकार गूगल फॉर्म भरकर आवेदन जमा कर सकते हैं। पक्षकारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की व्यवस्था भी की गई है। इससे देश के अलग–अलग स्थानों पर मौजूद पक्षकार बिना व्यक्तिगत उपस्थिति के ऑनलाइन जुड़ सकेंगे। यह व्यवस्था समय, धन और संसाधनों की बचत के साथ प्रक्रिया को अधिक सरल और सुलभ बनाएगी।

# भाजपा के प्रशिक्षण महाअभियान में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारतीय जनता पार्टी के "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत आयोजित जिला कार्ययोजना बैठक में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक सुश्री लता उसेंडी केंद्र में रहीं। जिला मुख्यालय स्थित आक्शन हॉल में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का स्पष्ट संदेश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए लता उसेंडी ने कहा कि भाजपा का मूल आधार उसका सशक्त और प्रशिक्षित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महा अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक, सामाजिक और संगठनात्मक रूप से मजबूत किया जाएगा, जिससे वे समाज के बीच प्रभावी भूमिका निभा सकें। लता उसेंडी ने विशेष रूप से युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा का भविष्य युवा शक्ति पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और अधिक से अधिक नए लोगों को पार्टी से जोड़ें। बैठक में बताया गया कि जिले में शीघ्र ही प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 11 सत्रों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह अभियान संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। जिला प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता और जनसंपर्क कौशल बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज जैन, जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नपा उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, जितेंद्र सुराना, नागेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लता उसेंडी के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण महा अभियान कोंडागांव में भाजपा संगठन को नई मजबूती और दिशा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

■ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता की मौजूदगी में जिला कार्ययोजना बैठक
■ युवाओं को जोड़ने और विस्तार पर विशेष फोकस

# अवैध उत्खनन, परिवहन करते 12 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

खनिज विभाग का जांच दल जिले के भैरमबंद, मांझीपदर, बालूद, बालपेट, गीदम, भांसी एवं दंतेवाड़ा क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर गौण खनिज साधारण पत्थर, रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाये गये वाहन चालकों, मालिकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किए। मौके पर पंचनामा कर वाहनों को जब्त किया एवं कलेक्टर परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। इस दौरान अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते 12 वाहन, मशीन मालिकों के विरुद्ध खान एवं खनिज विकास तथा विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21(4) में जब्त कर 21(5) के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। पूर्व में जिले के खनिज ठेकेदारों, परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि बिना वैध पास के खनिजों का परिवहन करना अपराध है।

# कांग्रेसियों ने सड़क पर सिलेंडर रख की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों में वृद्धि के विरोध में कुम्हारपारा चौक में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया।

शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि लोकसभा की 543 सीटों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के तहत लगभग 180 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होनी चाहिए। लोकसभा एवं विधानसभा की सभी आरक्षित सीटों पर महिलाओं को पूरा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। केंद्र सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी कर रही है। उन्होंने कहा बेरोजगारी, बढ़ती कीमतें और किसानों की समस्याएं जस की तस हैं। पेट्रोल-डीजल सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं और रसोई गैस व कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि कर जनता की जेब काट रही है। सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है। मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। वहीं आम नागरिक महंगाई की मार झेलने को मजबूर हैं। सरकार जनता को राहत देने में पूरी विफल रही है। कांग्रेस पार्टी और उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी।

■ महंगाई को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन
■ नेताओं ने कहा- जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही केंद्र सरकार



पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि बढ़ती मंहगाई भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का प्रमाण है। महिला सशक्तिकरण केवल भाषणों से नहीं बल्कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी से संभव होगा। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि महिला आरक्षण बिल को बिना किसी देरी के तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। देश की आधी आबादी को राजनीतिक भागीदारी में बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान प्रभारी शकील रिजवी, पूर्व सभापति कविता साहू, पूर्व अध्यक्ष रामशंकर राव, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, उपाध्याय अतिरिक्त शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री अभिषेक नायडू, विजय सिंह, जाहिद हुसैन, सुषमा सुता, नीतीश शर्मा, यूंका शहर अध्यक्ष निकेत राज झा, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, सुनीता सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, अमरनाथ सिंह, संतोष सेठिया, दंतेश्वर राव, ललिता राव, पार्षद अफरोज बेगम, सुखराम नाग, लोकेश चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

पेज 9 के शेष

### संवेदनशील रहे गांव...

के साथ ही आधार कार्ड, राशन कार्ड, वय वंदन कार्ड, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली गई। वनधन महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बकरी पालन, सुकर पालन एवं मछली पालन कार्य करने की जानकारी देने पर कलेक्टर एवं सीईओ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बकरी पालन व सुकर पालन स्थल का अवलोकन भी किया। समूह की अध्यक्ष हिरौंदा टेकाम एवं सचिव अनिता पद्माकर ने बताया कि बकरी पालन से प्रत्येक वर्ष 25 से 30 हजार रूपएं और सुकर पालन से 50 से 60 हजार रूपएं की आमदनी हो जाती है।

**योजनाओं की ली जानकारी :** कलेक्टर, सीईओ ने ग्राम गोटूलमुण्डा के किसान अघनबती, गंगाबाई, सियाबती, धनीराम, राधेश्याम, फुलबासन एवं शकुंतला बाई को खसरा एवं बी-1 की निःशुल्क प्रति प्रदान की।भानुप्रतापपुर विकासखण्ड ग्राम कराठी व बांसला में आयोजित शिविर का भी कलेक्टर एवं सीईओ द्वारा निरीक्षण किया गया। ग्रामीणों से चर्चा कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई।

**खबर संक्षेप**

## बीएससी नर्सिंग में केरोलिन को छग में 6वां स्थान



**जगदलपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, नवा रायपुर द्वारा बीएससी नर्सिंग सत्र 2025 के परीक्षा परिणाम में टॉप-10 गोल्ड मेडलिस्ट की सूची जारी की गई है। इस सूची में बस्तर संभाग से एकमात्र स्थान बनाने वाली छात्रा कुमारी केरोलिन साजी ने पूरे अंचल का गौरव बढ़ाया है। वें क्राइस्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग आड़ावाल जगदलपुर की छात्रा हैं। उन्होंने बीएससी नर्सिंग फाईनल परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संपूर्ण छत्तीसगढ़ में छठवां स्थान तथा बस्तर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी टॉप-10 मेरिट सूची में बस्तर से वे एकमात्र छात्रा हैं। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया। प्राचार्य श्रेयसी आर. सिंग ने बताया केरोलिन की यह सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा है। बस्तर जैसे आदिवासी अंचल से निकलकर राज्य स्तर पर स्थान बनाना हमारे कॉलेज की शिक्षण पद्धति का प्रमाण है।

## नेशनल लोक अदालत के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ का गठन किया गया है। जिस हेतु पीठासीन अधिकारी जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर, विकास सर्वे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरमगढ़, यशवंत नाग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम, भूपेन्द्र कुमार गावरे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उसूर, पंचराम सलामे तहसीलदार बीजापुर, भोज कुमार डहरिया तहसीलदार गंगालूर, लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार भोपालपटनम एवं उसूर, प्रियंका बंजारा तहसीलदार भैरमगढ़ एवं सूर्यकांत धरत तहसीलदार कुटरू को नियुक्त किया गया है।

## ग्राम पंचायत ईटपाल से शुरू होगा सुशासन तिहार

**बीजापुर।** छग में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए सुशासन तिहार की शुरुआत 1 मई से 10 जून तक प्रदेशभर में चलाया जाएगा, जिसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। वहीं बीजापुर जिले में सुशासन तिहार के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय क्षेत्र में 8 मई को बीजापुर के दुर्गा पंडाल वार्ड क्रमांक 11 में शिविर आयोजित होगा 20 मई को सांस्कृतिक भवन बीजापुर में भी शिविर लगाया जाएगा।

# रोजगार मेले में 300 प्रशिक्षुओं को मिला अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



लाइवलीहुड कॉलेज कारली में विगत दिवस नेशनल काउंसिल फॉर हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट कारली इकाई ने खरीदार विक्रेता मिलन सह रोजगार मेला का आयोजन किया। कार्यक्रम में लगभग 300 प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने फैशन डिजाइन तथा हैंडलूम एवं पावरलूम ट्रेड में 800 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त किया है अथवा प्रशिक्षणरत हैं। इस अवसर पर 10 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार लिया एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। साथ ही कंपनियों द्वारा अपने संस्थान एवं कार्य प्रोफाइल की जानकारी भी साझा की गई। मुख्य अतिथि रोजगार अधिकारी अमित वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि प्राचार्य लाइवलीहुड कॉलेज हरिस सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कौशल विकास, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार किए गए रेडीमेड परिधान तथा हैंडलूम पावरलूम के थान कपड़ों का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे नए उत्पादन इकाइयों हेतु कार्य आदेश प्राप्त होने की संभावनाएं बनीं। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन एवं परिवर्तन समाज विकास समिति के सहयोग से एक निःशुल्क सामान्य चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें सर्दी, खांसी, बुखार, शरीर दर्द, शुगर, रक्तचाप एवं मलेरिया आदि की जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। यह आयोजन दंतेवाड़ा एवं बस्तर क्षेत्र के प्रशिक्षुओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# कुशल नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीतः अरुण भदौरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

**सुकमा के कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार**



पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की विजय देश की जनता के विश्वास, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उक्त बातें सांसद प्रतिनिधि व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया ने

- सुकमा में भाजपा ने मनाया झालमुड़ी के साथ जश्न

कही। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में सुकमा नगर में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने एकत्रित होकर आतिशबाजी की, मिठाइयाँ बांटीं और एक-दूसरे को बधाई देते हुए इस ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया। पूरे नगर में उत्साह और जोश का वातावरण बना रहा। इस दौरान पूर्व जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप पेद्दी, पार्षद विवेक यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष धनीराम यादव, एससी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार श्रीवाने, भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार कश्यप, जिला भाजपा प्रवक्ता रमेश यादव, मंडल महामंत्री जोगा राम बारसे, मंडल महामंत्री मुकेश जैन, रामगोपान राठौड़, खेमलाल सिन्हा, बहादुर सिंह ठाकुर, मनोज पोड़ियामी, युवा कार्यकर्ता फरहान हासमी, राजेन्द्र कुलदीप, प्रशांत विश्वास सहित सैकड़ो नागरिक मौजुद थे।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया तथा नगर पालिका वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती कांता राठी के सौजन्य से विशेष रूप से झालमुड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### झालमुड़ी विक्रेता का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता अरुण सिंह भदौरिया ने झालमुड़ी विक्रेता रविन्द्र का फूल-माला पहनाकर सम्मान किया, जो इस आयोजन का एक विशेष आकर्षण रहा। इसके पश्चात उन्होंने स्वयं उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों को झालमुड़ी वितरित कर सभी के साथ जीत की खुशी साझा की।

### बंगाल की जीत पर लगे नारे

कार्यक्रम के अंत में जनसमूह ने भारत माता के जयकारे लगाए और एकजुट होकर देश की प्रगति एवं विकास के संकल्प को दोहराया। इस आयोजन ने न केवल जीत की खुशी को साझा किया, बल्कि कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी नई ऊर्जा प्रदान की।

### वरिष्ठ जनों के कुशल नेतृत्व का परिणाम

अपने संबोधन में अरुण सिंह भदौरिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल की यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह एवं छत्तीसगढ़ के सगठन महामंत्री पवन साय के कुशल नेतृत्व सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता की मेहनत, त्याग और संघर्ष का परिणाम है। बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक, हर कार्यकर्ता ने जिस निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया है, उसी का यह प्रतिफल है। भाजपा हमेशा कार्यकर्ताओं के बल पर आगे बढ़ी है और यह जीत उसी परंपरा को और मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि यह विजय देश की जनता के विश्वास, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। आने वाले समय में भी भाजपा इसी प्रकार जनसेवा और विकास के पथ पर अग्रसर रहकर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।"

# गीदम में 3 दिवसीय मेला मड़ई का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर के 3 दिवसीय मेले का सोमवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर माई की डोली व ग्रामीण क्षेत्रों से आए देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें सम्मान पूर्वक विदा किया गया। इस दौरान नगर के हारम चौक तक नगर के लोगों ने माई जी की डोली विदा किया। उसके पश्चात माई जी की डोली हारम चौक से मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान मेला मड़ई में आये पुजारी, सिरहा, गुनिया, गायता, पेरमा का उचित सम्मान भी किया गया।

# नगर की बेटी ने एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान



**बस्तर/घाटलोहंगा।** नगर पंचायत बस्तर की होनहार बेटी प्रिया कश्यप ने सिम्स मेडिकल कॉलेज, बिलासपुर से एमबीबीएस की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। प्रिया कश्यप के पिता मानसिंह कश्यप शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लामकेर में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हैं, वहीं उनकी माता सरोज एक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षित एवं संस्कारित परिवार से मिली प्रेरणा और मार्गदर्शन के बल पर प्रिया ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। नगरवासियों ने प्रिया की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बस्तर नगर के लिए गर्व का विषय है।

# भोपालपटनम में ढाबों व दुकानों पर कार्रवाई

**बीजापुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार 'सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम पर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत भोपालपटनम में व्यापक निरीक्षण और कार्रवाई की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में संचालित ढाबा, होटल, डेलीनीड्स, जूस सेंटर, फल दुकान, मिठाई दुकान और फास्ट फूड सेंटर सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों में अनियमितता पाए जाने पर सत्यनारायण भोजनालय, मोना ढाबा, श्रीराजन ढाबा और लक्ष्मी फास्ट फूड पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने, हाइजीन मेंटेन करने और खाद्य सुरक्षा से जुड़े आवश्यक नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। जिन दुकानदारों के पास खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन नहीं था। उन्हें शीघ्र लाइसेंस बनवाने के लिए निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी भी दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। साथ ही लोगों और दुकानदारों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार और सुरक्षित दवा के उपयोग के प्रति जागरूक करना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# पुवर्ती में रिकार्ड समय में पूरा हुआ जनगणना का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

जिले के कोंटा विकासखंड में स्थित ग्राम पुवर्ती में जनगणना कार्य को रिकॉर्ड समय में पूरा कर एक नई मिसाल कायम की गई। कलेक्टर अमित कुमार ने कलेक्टर कक्ष में प्रगणक जवाराम पटेल को मात्र 3 दिनों में जनगणना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर सम्मानित किया। जनगणना के प्रथम चरण में पुवर्ती सुकमा जिले का पहला ऐसा गांव बना, जहां जनगणना कार्य सबसे पहले पूर्ण किया गया। सहायक शिक्षक जवाराम पटेल ने बताया कि जनगणना कार्य में उनका कार्यक्षेत्र ग्राम पुवर्ती था । जहां लगभग 950 से अधिक जनसंख्या और 234 मकान हैं। गांव में 2 आंगनबाड़ी केंद्र और 1 स्कूल भी संचालित है। जनगणना कार्य के दौरान उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, विशेषकर स्थानीय गोंडी बोली को पूरी तरह न समझ पाने के कारण संवाद में समस्या आई। बावजूद इसके, उन्होंने जिम्मेदारी को चुनौती नहीं बल्कि सेवा का अवसर मानकर कार्य को आगे बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि पुवर्ती गांव पहले घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब नक्सल उन्मूलन और प्रशासन की सक्रियता के बाद हालात तेजी से बदल रहे हैं। गांव में शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है और लोग अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य का समय पर पूरा होना इस बदलाव का स्पष्ट संकेत है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत हो रहा है। भाषा की बाधा और कार्यभार अधिक होने के बावजूद जवाराम पटेल ने स्थानीय स्कूल के शिक्षकों का सहयोग लेकर गांव की सामाजिक संरचना को समझा और प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सर्वे कार्य पूर्ण किया।

# शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य और खेल के प्रोत्साहन से क्षेत्र का कायाकल्प हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल




आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया एएम/एनएस इंडिया किरंदुल ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए एक साथ कई बड़े कदम उठाए हैं जिसके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। कंपनी द्वारा संचालित बाल ज्योति निःशुल्क

- 133 दृष्टि दोष से प्रभावित बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले चश्मे प्रदान किए गए

नेत्र जांच शिविर इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और मानवीय पहल साबित हुई है जिसके तहत बीते दिनों शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गीदम में एक विशेष वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी और शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में क्षेत्र के 12 अलग-अलग स्कूलों से चिन्हित किए गए कुल 133 दृष्टि दोष से प्रभावित बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले चश्मे प्रदान किए गए। इन चश्मों को संबंधित स्कूलों के शिक्षकों को हैंडओवर किया गया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक तंगी या जानकारी के अभाव में किसी भी बच्चे की शिक्षा में उसकी कमजोर दृष्टि कभी बाधा न बने और वे स्पष्ट विजन के साथ अपनी सुनहरी भविष्य की राह चुन सकें।

शिक्षा के साथ-साथ बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में भी एएम/एनएस इंडिया ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई है। कंपनी के सहयोग से अरविंद कॉलेज में 'भारतीय ज्ञान परंपरा-गुरुकुल से ग्लोबल तक' विषय पर एक उच्च स्तरीय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी ने देशभर के शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान किया जिसमें लगभग 160 विद्वानों ने हाइब्रिड माध्यम यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से जुड़कर प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति की वैश्विक प्रासंगिकता पर गहन मंथन किया। इस आयोजन के समापन समारोह में कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया और भारतीय ज्ञान के अंतरराष्ट्रीय प्रसार में अपना समर्थन व्यक्त किया जिससे स्थानीय शैक्षणिक माहौल को एक नई वैश्विक दृष्टि प्राप्त हुई है।

इसी क्रम में ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए एएम/एनएस इंडिया ने चोलनार ग्राम पंचायत में दो दिवसीय भव्य कबड्डी टूर्नामेंट का शानदार आगाज किया। इस आयोजन का उद्घाटन राघवुलु (महाप्रबंधक बीपी एंड एसपी) द्वारा जिला एवं जनपद पंचायत सदस्यों सरपंच कुआकोंडा सरपंच संघ के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के बीच किया गया। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि उद्घाटन मैच चोलनार की 'ए' और 'बी' टीम के बीच उसी प्रो-कबड्डी मैट पर खेला गया जिसे कंपनी ने पिछले माह ही स्थानीय युवाओं के अनुरोध पर उपलब्ध कराया था। अत्याधुनिक मैट पर खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था । इसी क्रम में हिरोली ग्राम पंचायत में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में भी एएम/एनएस इंडिया ने अपना सक्रिय समर्थन और सहयोग सुनिश्चित किया जिसमें क्षेत्र की कुल 32 टीमों ने अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हिरोली और बचेली की टीमों के बीच खेला गया जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बचेली की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और विजेता टीम को दिया जाने वाला प्रथम पुरस्कार एएम/एनएस इंडिया किरंदुल की ओर से प्रदान किया गया जो युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए एक बड़ी प्रेरणा साबित हो रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यदि ग्रामीण युवाओं को सही संसाधन मिलें तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

एएम/एनएस इंडिया द्वारा शिक्षा में स्वास्थ्य के समावेश ज्ञान के प्रसार और खेलों के आधुनिकीकरण के लिए किए जा रहे ये एकीकृत प्रयास स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

# प्रलोभन से हो रहे धर्मांतरण पर नए कानून से हो कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रखंड की बैठक ग्राम पंचायत तारापुर में प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, जिला संयोजक विष्णु ठाकुर, नगर सह संयोजक अजय प्रताप सिंह, सूरज पटनायक एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुई। बैठक में बस्तर के गंभीर मामले धर्मांतरण पर चर्चा हुई।

फाल्गुनी पटेल का कहना है कि उड़ीसा और केरल से आए पादरियों द्वारा गांव में घुसपैठ कर आज भी प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है । वीएचपी के पदाधिकारी भुवनेश्वर ने कहा ऐसे विधर्मियों पर नए कानून के तहत ठोस कार्रवाई किया जाए। बाजारों में मवेशी बेचे जाते हैं उनका सही ढंग से बाजार समिति या ग्राम पंचायत जो रशीद काटती है वह फर्जी तरीके से पेश किया जाता है। इसमें आए दिन गौ तस्करों और बजरंगियों के बीच मुठभेड़ होता है। शासन प्रशासन से आग्रह किया जाए कि गो तस्करों पर कठोर कार्रवाई करें।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ग्रामीण क्षेत्र में मकान जनगणना का कार्य लगातार जारी है। ग्राम घाटलोहंगा में रोमांचक पांडे अकेला ही घाटलोहंगा में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर आज दूसरे दिन में 1 से 37 नंबर मकान और 66 परिवार गणना किया है। ग्रामीणों को समझा रहे है कि सही जानकारी देना क्यों जरूरी है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सही पात्र लोगों तक पहुंच सके। इस दौरान ग्राम पंचायत कुदालगांव से लक्ष्मीकांत साहू एवं ग्राम पंचायत बोरपदर दिलीप कुमार ने जनगणना टीम के साथ दोनों गांवों कोटवारों के साथ घर पहुंचकर फॉर्म भरवाया और लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में बताया। ग्रामीणों ने भी इस अभियान में सहयोग दिया। यह पहल गांव के विकास और योजनाओं के सही क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएगी।

## तुमरीगुंडा में जनसमस्या निवारण शिविर लगा

**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम तुमरीगुंडा में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया और त्वरित निराकरण के प्रयास किए गए। कुल 238 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित मांगें और शिकायतें शामिल थीं। उपस्थित अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद



**पखांजुर।** थाना पखांजुर क्षेत्र में मासूम बालिका के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी को अदालत ने कड़ी सजा सुनाई है। विशेष न्यायालय के मजिस्ट्रेट विजय कुमार मिंज ने आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार मामला 26 अगस्त 2021 का है। इसके तहत पखांजुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 7 वर्षीय मासूम बालिका दुकान से साबुन लेने गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों की तलाश के दौरान बालिका घर के अंदर कंबल ओढ़कर सोई हुई मिली आरोपी गोविन्द मण्डल ने उसे 5 रुपएं का लालच देकर बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर थाना में अपराध क्रमांक 113/2021 के तहत धारा 363, 366, 376, 376(ए) (बी) आईपीसी और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, डीएनए रिपोर्ट और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने गोविन्द मण्डल को दोषी करार दिया।

### कोदाभाट में कक्षा पहली से 12वीं तक प्रवेश प्रारंभ

**कांकेर।** जिले में संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय, छात्रावास कोदाभाट कांकेर में कक्षा पहली से बारहवीं तक के दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ बच्चों बालक का प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक पालक, अभिभावक अपने पुत्र, पाल्य को कार्यालयीन दिवस में सरोना रोड ग्राम कोदाभाट स्थित संस्था में उपस्थित होकर दाखिला करा सकते हैं। प्रवेश के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

### अमोडा की होनहार बिटिया भारती बनी स्कूल टॉपर

**नरहरपुर।** शाउमा विद्यालय अमोड़ा में आयोजित हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2025-26 का परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी भारती पटेल ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। भारती पटेल ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता, बल्कि पूरे अमोडा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। वह प्रकाश पटेल एवं संगीता पटेल की सुपुत्री हैं।

# 15.70 लाख की सोलर टंकी बनी शो-पीस, 3 साल बाद भी नहीं बिछी पाइपलाइन

■ बासनवाही में नल- जल योजना का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

अलग खबर

शासन की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना बासनवाही ग्राम पंचायत में दम तोड़ती नजर आ रही है। हर घर नल, हर घर जल का नारा यहां केवल कागजों और अधूरे कार्यों तक सिमट कर रह गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में करीब 15.70 लाख रुपए की लागत से बनाई गई सोलर पानी टंकी पिछले दो से तीन वर्षों से उपयोग के बिना खड़ी है, जबकि ग्रामीण आज भी पेयजल के लिए भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार सोलर टंकी का निर्माण तो समय पर पूरा कर लिया गया, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कार्य पाइपलाइन बिछाने की शुरुआत तक नहीं हुई। इसके चलते लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद जलापूर्ति चालू नहीं हो सकी। अधूरी योजना को लेकर गांव में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब छापरपारा हाई स्कूल चौक के पास स्थित एकमात्र चालू हैंडपंप को उखाड़ दिया गया। उसके स्थान पर सोलर पंप तो लगाया गया, लेकिन पाइपलाइन अधूरी छोड़ दी गई। स्कूली छात्र-छात्राएं पानी के लिए परेशान हैं, ग्रामीणों को दूर-दराज के जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, गर्मी में जल संकट और भी गहरा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस हैंडपंप से वर्षों से पानी मिल रहा था, उसे विकास के नाम पर हटा दिया गया, लेकिन उसके बदले कोई व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मीडिया में मामला सामने आने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। इससे प्रशासनिक लापरवाही और संभावित अनियमितताओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सोलर टंकी से हर घर तक पाइपलाइन का कार्य तत्काल शुरू किया जाए, हाई स्कूल के छात्रों के लिए तत्काल पेयजल व्यवस्था की जाए, लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई हो भ्रष्टाचार रोकने के लिए ग्राम स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाए।



### समाधान नहीं तो करेंगे आंदोलन

ग्रामीणों ने साफ कहा है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद जब ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है, तो ऐसी योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल उठना लाजिमी है। बासनवाही का यह मामला केवल एक गांव तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सरकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब सक्रिय होता है और ग्रामीणों को राहत कब मिलती है।

■ आम जनता ने चुना विकास और पारदर्शी शासन ■ भाजपा की नीतियों को देशभर में मिल रहा समर्थन

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मना जश्न आतिशबाजी के साथ झालमुड़ी का आकर्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में भानुप्रतापपुर मंडल में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद तथा भाजपा जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से व्याप्त भय, अराजकता और राजनीतिक हिंसा के माहौल के खिलाफ राष्ट्रवादी और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली जनता ने भाजपा को अपना समर्थन देकर एक नया संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के शासनकाल में जहां एक ओर राजनीतिक असहिष्णुता और विरोधियों पर दबाव की स्थिति बनी रही, वहीं आम जनता विकास और पारदर्शी शासन की अपेक्षा कर रही थी। इस बार जनता ने उसी उम्मीद के साथ भाजपा के पक्ष में अपना विश्वास प्रकट किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ने देशभर में सुशासन, विकास और जनहितकारी नीतियों के आधार पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यही कारण है कि आज पार्टी लगातार नए क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है और जनता का विश्वास जीत रही है। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे संगठन की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताया।

### सुरक्षा के मुद्दों पर जनता ने दिया अपना समर्थन

*असम में भाजपा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्ता में वापसी की है, जहां विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सुरक्षा के मुद्दों पर जनता ने अपना समर्थन दिया। वहीं पुडुचेरी में भी भाजपा गठबंधन ने प्रभावशाली जीत दर्ज कर यह साबित किया है कि पार्टी की नीतियों को देश के विभिन्न हिस्सों में व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस दौरान भाजपाइयों ने आमजन को झालमुड़ी खिलाकर जीत की खुशी साझा की। कार्यकर्ता रास्ता रोक-रोक कर लोगों को झालमुड़ी बांटते रहे और दुकानों में जाकर भी वितरण किया। कार्यक्रम में झालमुड़ी आकर्षण का केंद्र बना रहा। झालमुड़ी की संपूर्ण व्यवस्था युवा व्यवसायी आजाद होटल के संचालक पिता-पुत्र की जोड़ी वैद्यराज आहूजा एवं विशाल आहूजा द्वारा की गई, जिनके इस विशेष योगदान की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, अरविंद जैन, वरुण मैडी खापर्डे, हेमप्रकाश शिवहरे, रत्नेश सिंह, राजिंदर रंधावा, संकेत नशीने, ज्वाला प्रसाद जैन, जगन्नाथ साहू, धर्मेंद्र रावते, राकेश देवांगन, नरेंद्र सांवले, कृष्णा निषाद, मनोज रावटे, कौशल रामटेके, प्रेम शर्मा, संगीता टांडीया, सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा, रेवती कांगे, वंदना पटेल, सरिता देवांगन, गीता ठाकुर, छत्रपाल यद्दु, गौरव श्रीवास्तव, हर्ष साहू, शैलेश ठाकुर, राहुल साहू, कनक राजपूत, सुभाष कोठारी, वैभव तिवारी, ऋषि सोलंकी, अंकुर दास सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

## बंगाल, असम-पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर सरोना में जश्न, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

**जनादेश राज्य की दिशा और दशा दोनों तय करेगा**



**सरोना।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की उल्लेखनीय जीत के बाद सरोना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। बस स्टैंड सरोना में आयोजित इस कार्यक्रम में आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ जीत की खुशी साझा की गई। मंडल अध्यक्ष टेकश्वर सिन्हा के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और भारत माता की जय/" तथा भाजपा जिंदाबाद के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर लोगों ने इसे ऐतिहासिक जनादेश बताते हुए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया। मंडल अध्यक्ष टेकश्वर सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने भय, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हिंसा के खिलाफ निर्णायक जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से राज्य की राजनीति विकास से भटककर तुष्टिकरण और अराजकता की ओर बढ़ गई थी, लेकिन इस बार जनता ने बदलाव का स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के साहसिक मतदान की सराहना करते हुए कहा कि यह जनादेश राज्य की दिशा और दशा दोनों तय करेगा।

### परिणाम आने वाले समय में राज्य विकास की नींव रखेगा

*वक्ताओं ने यह भी कहा कि स्वतंत्रता के बाद से पश्चिम बंगाल ने कई राजनीतिक दौर देखे, लेकिन इस बार का जनादेश अलग और ऐतिहासिक है। उनके अनुसार यह परिणाम आने वाले समय में राज्य के विकास की नई नींव रखेगा। टेकश्वर सिन्हा ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि यह सफलता संगठन की एकजुटता और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों का परिणाम है। साथ ही उन्होंने पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के योगदान को भी महत्वपूर्ण बताया। भारतीय जनता पार्टी आने वाले समय में भी जनता की सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाएगी। उनका कहना था कि पार्टी का लक्ष्य देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है, जिसके लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। आयोजन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, यशवंत सुरोजिया, अनिल गजपाल, बैराग शोरी, संजय गोलछा, अजय हिरवानी, रामाधार धनकर, बीरेंद्र साहू, किशोर भास्कर, ढालेश्वर सोनकले, जगदेव पटेल, दीपक साहू और अन्य अनेक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।*

## जिले के विभिन्न ग्रामों में आज होगा बस्तर मुन्ने व सुशासन तिहार शिविर

**कांकेर।** राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए बस्तर संभाग में संचालित बस्तर मुन्ने तथा नियद नेल्लानार 2.0 और राज्य व्यापी सुशासन तिहार का आयोजिन किया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत 6 मई को जिले के सभी सातों विकासखण्ड के कुल 99 गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

#### अंतागढ़ विकासखंड

अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम चिपोण्डी, माहुरपाट, बेहेकट्टा, पतकालबेड़ा, लामनगदाम, भर्रीटोला, टेकापानी, बेरतानार, कोटकोड़ो, टेमरूपानी, बर्रेबेड़ा, पाढरगांव, निबरा, पल्लकसा, मातला अ, गेड़गांव, हिरनपाल, खड़कागांव, चिचगांव, तहकानटोला और सांवलीबरस में शिविर आयोजित किया जाएगा।

#### कांकेर विकासखंड

कांकेर विकासखंड के ग्राम डोमाहर्रा, भैंसगांव, माकड़ीखूना, आतुरगांव, पोटगांव, खमढोड़गी, सिदेसर तथा ब्यासकोंगेरा में शिविर आयोजित किया जाएगा। कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम मुरावण्डी, रामपुर, बड़ेकापसी, कमलपुर, कुरूसबोड़ी, माटोली, कंगालमरपी, कारेकट्टा, दीपनगर, शांतिनगर, गट्टापल्ली, विष्णुपुर, मेहड़ा, ताड़बायली, भुरभुसी, हिदूर, सितरम, इन्द्रप्रस्थ, कृष्णानगर, जूनागावड़ेगांव, खैरकट्टा, पानीडोबीर, मांझीकुरूबोड़ी, काटाबास में आयोजित होगा।

#### चारामा विकासखण्ड

चारामा विकासखण्ड के ग्राम बारगरी, चुचरूंगपुर, लिलेझर, पुरी, खैरखेड़ा, अरौद, करिहा और चिनौरी में शिविर आयोजित किया जाएगा। दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम कलंगपुरी, भीरावाही, गोयन्दा, नलकसा, कानापाल, महेन्द्रपुर, सोनादई, शितलपुर, धनवाफुलचूर, आधेवाड़ा, भुसकी, गुमडीचूवा, पालवी, दोडकाएनहुर, आमागढ़, खुटगांव, मिचेसुखई और पाऊरखेड़ा में आयोजित होगा।

#### नरहरपुर विकासखंड

नरहरपुर विकासखंड के ग्राम तिरियारपानी, लेण्डारा, डंवरखार, सारण्डा, बुदेली, धनेसरा, मानिकपुर, अभनपुर, थानाबोड़ी, राजपुर तथा भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कनकपुर, धनगुडरा, जुनवानी, भैंसमुन्डी, जलहुर, चारगांव, सेलेगांव, जामपारा, बांसकुण्ड और भोड़िया में शिविर आयोजित किया जाएगा।

## दिव्यांग बच्चों को दिए गए निःशुल्क सहायक उपकरण

**कांकेर।** चारामा विकासखंड के ग्राम चारभाटा निवासी प्रमिता कश्यप के दिव्यांग बच्चों 03 वर्षीय घयान कश्यप और 07 वर्षीय टिना कश्यप को सीपी चेयर एवं व्हील चेयर प्रदाय की गई। 80 प्रतिशत दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण मिलने से अब उन्हें बाहर लाने ले-जाने में आसानी होगी। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की संवेदनशील पहल दिव्यांगजनों के लिये नई उम्मीद जगा रही है। चारभाटा निवासी प्रमिता ने बताया कि सहायक उपकरण पाने के लिए मेडिकल प्रमाण पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज के संबंध में उन्हें जानकारी नहीं थी। सुशासन तिहार के पहले दिन वह शिविर में जानकारी लेने पहुंची। समाज कल्याण की जनकल्याणकारी योजना में उन्हें शिविर में अवगत कराया और बताया गया कि सोमवार और शुक्रवार को आधार कार्ड, बच्चे की पासपोर्ट फोटो के साथ जिला मेडिकल प्रमाण पत्र बनेगा। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चे और उनकी अभिभावक ने शासन को धन्यवाद दिया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि दिव्यांगजन के लिए शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए पहले दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाकर यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन करा सकते हैं। दिव्यांगजन प्रमाण पत्र में दर्शित दिव्यांगता के आधार पर व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, छड़ी, कान की मशीन आदि प्राप्त होता है।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चार चरणों में लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

## नपं चारामा में सुशासन तिहार का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

नगर पंचायत चारामा में सुशासन तिहार के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नियत कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण का शिविर 6 मई बुधवार को शीतला मंदिर परिसर में आयोजित होगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 और 4 के निवासी शामिल हो सकेंगे। द्वितीय चरण का आयोजन 13 मई बुधवार को दुर्गा मंदिर परिसर में किया जाएगा, जहाँ वार्ड क्रमांक 5, 6, 7 और 8 की समस्याओं का निराकरण होगा। इसी क्रम में तृतीय चरण का शिविर 20 मई बुधवार को सांस्कृतिक भवन में वार्ड क्रमांक 9, 10, 11 और 12 के लिए लगाया जाएगा। अंतिम एवं चतुर्थ चरण का शिविर 28 मई गुरुवार को संतराम मंच पर आयोजित होगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 13, 14 और 15 के नागरिकों के आवेदन लिए जाएंगे। सभी शिविरों का समय सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## विकास की राह पर मुंगवाल 3 किमी सड़क निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

ग्रामीण विकास को नई दिशा देते हुए ग्राम मुंगवाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 किमी लंबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। अटल चौक से कुड़ाल तक बनने वाली इस सड़क से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में विधि-विधान से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई।

यह सड़क लंबे समय से ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में शामिल थी। इस सड़क के निर्माण से गांवों के बीच आवागमन सुगम होगा, जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी, बाजार और मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सड़क बनने से उनकी वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी और क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे।



### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

*इस अवसर पर जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनाराम तेता, आएल हुपेंडी, ग्राम प्रमुख कामदेव गोटा ग्राम गयता, आत्मा कोर्राम, नरेन्द्र तेता, दुर्गेश नरेटी, लिलेश यादव, भारत पडोटी और पंकज द्विवेदी सहित कई गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए।*

**कनेचुर में बस्तर मुन्ने शिविर का किया गया आयोजन**

# जाति प्रमाणपत्र बनने पर अभिभावकों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासन की 31 जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कनेचुर में बस्तर मुन्ने शिविर में योजना संबंधी कुल 34 आवेदन ग्रामीणों के द्वारा दिया गया। जिसमे से 5 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया एवं शेष 29 आवेदनों का संबंधित विभाग द्वारा समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाएगा गांव के तीन बिटिया यारिका कुमेटी, दीक्षा कुमेटी व आकांक्षा कुमेटी का गांव के शिविर स्थल में जाति प्रमाण पत्र बन जाने से अभिभावकों ने खुशी जताई ।

31 जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ देने का



### पुनिता को शिविर में मिला विवाह प्रमाण पत्र

जाति प्रमाण पत्र बनवाने आए बच्चो के माता पिता ने कहा भीषण गर्मी में शासकीय दफ्तर जाना नही पड़ा गांव में ही शिविर आयोजित करने से हमारे बच्चो का जाति प्रमाण पत्र बनाया गया जिसके लिए हम शासन को धन्यवाद देते हैं बच्चो के अभिभावकों को सरपंच संतोषी कुमेटी के हाथों जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। पुनिता पटेल को शिविर स्थल में मिला विवाह प्रमाण पत्र एंव संतलाल गोटा को शिविर स्थल में ही निवास प्रमाण पत्र बनाया गया।

### ये रहे उपस्थित

आवेदनों में नरेगा जॉब कार्ड 9, पीएम आवास 3, उज्वला गैस योजना 2, पीएम किसान सम्मान निधि 2, जल जीवन मिशन 1, खाद्य विभाग राशन कार्ड 8, राजस्व विभाग 9 आवेदन मिला। शिविर में सरपंच संतोषी कुमेटी, शिविर नोडल अधिकारी बीरेंद्र कोडोपी, पीठासीन अधिकारी नर्मदा साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची, पटवारी गिरजा वट्टी, तकनीकी सहायक खेमू भुवार्य, पंचायत सचिव रामसजीवन माहला, लैम्पस कर्मचारी हरेश कुमेटी, पन्नालाल कुमेटी, ग्राम पटेल कोटवार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी की उपस्थिति रही।

